पुनरावर्तन 1

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(1) चिड़ियाँ कब खुशी के गीत गाती हैं ?

(2) सेठ ने कुत्ते को क्यों मुक्त किया ?

(3) ईश्वर ने मनुष्य को किससे श्रेष्ठ बनाया ?

(4) सेठ ने बनजारे के साथ कौन-सी शर्त रखी ?

(5) पृथ्वी पर हरियाली कब छा जाती है ?

2. निम्नलिखित परिच्छेद को पढ़िए और सुलेखन कीजिए :

हमारे देश का झंडा तिरंगा है - ऊपर केसरिया रंग, बीच में सफेद रंग और नीचे हरा रंग। सफेद पट्टे पर बीच में एक चक्र है। इस चक्र को अशोक चक्र कहते हैं। झंडे के ऊपर का केसरिया रंग वीरता और बलिदान का संदेश देता है। बीच का सफेद रंग और अशोक चक्र शांति और उन्नति की राह पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। नीचे का हरा रंग विकास करते हुए समृद्धि प्राप्त करने का सूचक है।

3. 'टी. वी. देखने से लाभ - हानि' विषय पर चर्चा कीजिए।

4. निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश के क्रम में लिखिए :

चिंता, अपूर्व, कार्य, पर्यटन, विद्यार्थी, प्रसाद, झूठ, ज्ञान, हल्दी।

5. निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश के सही क्रम में लिखिए :

चारण, चौकोर, चिराग, चम्मच, चंद्रिका